# नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र की जल्द बदलेगी सूरत

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं जल्द दूर होंगी। इस संबंध में बुधवार को कमिश्नर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें उन्होंने एक संयुक्त कमेटी गठित की है। यह कमेटी गुरुवार को मौके पर समीक्षा करेगी।

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर पिछले माह आदेश जारी किया था। इसके बाद नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के प्रयास शुरू हुए हैं। कमिश्नर रंजन कुमार ने कमेटी में नगर निगम, एलडीए, पीडब्ल्यूडी, यूपीसीडा यानी उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथारिटी को रखा है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि मुख्य सड़क निर्माण, सीवर लाइन और जल निकासी व्यवस्था समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं पर जल्द कार्रवाई करें। इस औद्योगिक क्षेत्र के बारे में हाईकोर्ट ने 24 सितम्बर को कहा था कि, 'नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में आता है। हालांकि इसे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने विकसित किया है।

**विभागों की खींचतान में फंसा औद्योगिक क्षेत्रः** बैठक में एक बार फिर विभागों की आपसी खींचतान सामने आई। वर्ष 1987 में यह क्षेत्र नगर निगम की सीमा में आ गया था।